नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच

आज आपके बच्चे ने श्रवण-शक्ति की जांच पास कर ली है

इसका अर्थ है कि जांच के समय, आपके बच्चे की श्रवण शक्ति अच्छी थी।

जोखिम तत्व

अपनी श्रवण-शक्ति जांच परीक्षा पास करने वाले कुछ शिशुओं में बाद में श्रवण शक्ति का ह्रास हो सकता है। ऐसा गर्भकाल के दौरान संक्रमण जैसे जोखिम तत्वों के कारण हो सकता है। आपको जांच के समय बताया जायेगा कि हियरिंग स्पेशलिस्ट (ऑडियोलॉजिस्ट) के साथ फॉलो-अप अप्वाइंटमेंट क्यों आवश्यक है। यदि अप्वाइंटमेंट की आगे भी जरूरत पड़े, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपका बच्चे को श्रवण शक्ति का ह्रास हो जायेगा परन्तु आपके बच्चे के लिए यह बहुत अच्छा होगा आपके बच्चे की की श्रवण शक्ति की निगरानी ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा की जाये।

चैकलिस्ट

इस पुस्तिका के पीछे दी गई चैकलिस्ट से आपको अपने बच्चे के बढ़ने के साथ-साथ उसकी बोली और भाषा कौशल की निगरानी करने में मदद मिलेगी।

श्रवण शक्ति संबंधी ये जांच आपके बच्चे की *वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा हैल्थ बुक* में भी है, ताकि प्रत्येक वेल चाइल्ड जांच से पहले इसे पूरा किया जा सके।

वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा चेक में अभिभावकों के लिए उनके बच्चे की श्रवण क्षमता, बोली और भाषा की प्रगति से जुड़े प्रश्न शामिल होते हैं। आपका बच्चा किस तरह से सुनता है या प्रतिक्रिया देता है, इस बारे में कोई भी चिंता होने पर, अपने वेल चाइल्ड नर्स, अर्ली चाइल्डहुड टीचर या अपने डॉक्टर से चर्चा करें।

श्रवण सबंधी चैकलिस्ट

नवजात शिशु जांच
आपके शिशु की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

क्या आपका बच्चा सुन सकता है?

4–10 हफ्ते का होने पर, *जब अचानक से कोई तेज आवाज होती है, तो क्या वे:*

- उछलते या आंखें मिचकाते हैं?
- अपनी नींद में हिलते हैं?
- पल भर के लिए स्तनपान बंद कर देते हैं?
- स्तनपान करते हुए देखते हैं?
- रोते हैं?

3–4 महीने का होने पर, *क्या वे:*

- अचानक शोर होने पर आंख मिचलाते हैं या रोते हैं?
- जब आप बात करते हैं, तो रोना या स्तनपान बंद कर देते हैं?
- जोर की आवाज होने पर जग जाते हैं या हिलते हैं?
- आपके बात करने पर, प्यार करते हैं या मुस्कुराते हैं?
- अपनी आंखें उधर घुमा लेते हैं जिधर से आवाज आती है?
- म्यूजिकल ट्वॉय (संगीतमय खिलौने) पसंद करते हैं?
- नई आवाज आने पर, हिलना-डुलना रोक देते हैं?
- आपकी आवाज को पहचानते हुए प्रतीत होते हैं?

यदि आपके बच्चे की श्रवण शक्ति का ह्रास हुआ है, तो उसकी भाषा, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए यथाशीघ्र इसका पता लगाना बेहतर है।

5–7 महीने का होने पर, *क्या वे:*

- उधर की ओर घूम जाते हैं, जिधर से आवाज आ रही हो या कोई बोल रहा हो?
- अचानक शोर होने पर आंख मिचलाते हैं या रोते हैं?
- संगीत को पसंद करते हैं?
- अलग-अलग तरह की आवाजें करते हैं?
- कभी-कभी वे आपकी आवाज की नकल करते हैं?

9–12 महीने का होने पर, *क्या वे:*

- अपना स्वयं का नाम पुकारे जाने पर प्रतिक्रिया देते हैं?
- नई आवाज़ों को ढूंढने के लिए इधर-उधर देखते हैं - ऐसी आवाज़ों को भी जो बहुत धीमी सी होती हैं?
- 'नहीं' और 'बाय-बाय' को समझते हैं?
- लोगों की बात सुनते हैं?
- आवाजों की नकल करना चाहते हैं?
- बड़बड़ाने की आवाज निकालते हैं, जो सुनने में असली बोली की तरह लगता है?
- आपके बोलने पर आपसे वापस बात करने की कोशिश करते हैं?

श्रवण संबंधी ये चैकलिस्ट्स, और 12 महीने से अधिक उम्र के बच्चों के लिए दिये गये चैकलिस्ट्स आपके बच्चे के *वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा हैल्थ बुक* में दिये गये हैं।

नवजात शिशु की श्रवण शक्ति की जांच के बारे में अधिक जानकारी के लिए नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट की वेबसाइट पर जाएं:
www.nsu.govt.nz

यह संसाधन निम्न वेबसाइट से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है: www.healthed.govt.nz

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
New Zealand Government
hpa health promotion agency

संशोधित जून 2015. Hindi. कोड **HE2493**